WESTERN COALFIELDS LIMITED
A Miniratna Company

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जुलाई, 2026

अंक : 527

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने किया नागपुर क्षेत्र का दौरा





वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री संदीप परांजपे के साथ नागपुर क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया।

दौरे के दौरान WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा निदेशक तकनीकी (संचालन तथा परियोजना/योजना) श्री संदीप परांजपे ने सावनेर खदान -1 का निरीक्षण कर क्षेत्र की सावनेर खदान - 1, 2 एवं 3 के माइन मैनेजर्स के साथ उत्पादन योजना (Plan Discussion) पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में डॉ. पांडे ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए प्रभावी योजना, बेहतर समन्वय तथा आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च उत्पादन के साथ सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन WCL की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहां उन्होंने कुशल कामगारों (ठेका एवं WCL कर्मियों) का सम्मान किया।

सावनेर खदान -1 के निरीक्षण के पश्चात WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा निदेशक तकनीकी (संचालन तथा परियोजना/योजना) श्री संदीप परांजपे ने नागपुर क्षेत्र की अदासा खदान में नए आउटसोर्सिंग पैच का उद्घाटन किया। इस नए आउटसोर्सिंग पैच से वित्तीय वर्ष 2026–27 में लगभग 18.5 लाख टन कोयला उत्पादन तथा 90 लाख घन मीटर ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, यह परियोजना WCL के उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति और नागपुर क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

अपने दौरे को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने ने सावनेर साइडिंग में तीन नए इलेक्ट्रॉनिक पे-लोडर्स का उद्घाटन किया। इन आधुनिक मशीनों के शामिल होने के साथ ही सावनेर साइडिंग पूर्णतः इलेक्ट्रिक पे-लोडर्स से संचालित होने वाली साइडिंग बन गई है। इलेक्ट्रिक पे-लोडर्स के उपयोग से डीजल की खपत में कमी आएगी तथा शून्य डीजल प्रदूषण (Zero Diesel Pollution) के लक्ष्य को प्राप्त करने में उल्लेखनीय सहायता मिलेगी।





## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने नागपुर पुलिस आयुक्त श्री विश्वास नांगरे पाटिल से की सौजन्य भेंट

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने नागपुर पुलिस मुख्यालय में नव नियुक्त पुलिस आयुक्त श्री विश्वास नांगरे पाटिल, भा.पु.से. से सौजन्य भेंट की।

भेंट के दौरान डॉ. पांडे ने WCL में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों एवं सुधारात्मक पहलों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से कंपनी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) के संचालन, उसकी कार्यप्रणाली तथा सुरक्षा एवं परिचालन दक्षता बढ़ाने में उसकी भूमिका से पुलिस आयुक्त को अवगत कराया।

बैठक के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, औद्योगिक सुरक्षा तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। यह भेंट वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं नागपुर पुलिस के बीच आपसी विश्वास, सहयोग तथा क्षेत्रीय विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रही।



## भूमि अधिग्रहण के एवज में 76 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान

WCL में भूमि अधिग्रहण के एवज में 76 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में WCL के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 76 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर संचालन समिति की ओर से श्री शरद धांडे ने अपनी बात रखी। समारोह में WCL के संचालन समिति के सदस्य सर्वश्री शिव कुमार यादव, सी. जे. जोसेफ, एस. एच. बेग तथा एस आर गबाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## वेकोलि एवं महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल के मध्य वाणिज्यिक बांसारोपण हेतु हुआ समझौता

### धूपतला ओपनकास्ट खदान की 28 हेक्टेयर भूमि पर तथा सास्ती ओपन कास्ट खदान की ओवर बर्डन डंप पर विकसित होगी वाणिज्यिक बांसारोपण परियोजना



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) ने सतत खनन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल (एमबीडीबी), नागपुर के साथ बल्लारपुर क्षेत्र की धूपतला ओपनकास्ट खदान की 28.0 हेक्टेयर पुनर्वासित भूमि पर तथा सस्ती ओपन कास्ट खदान, बल्लारपुर क्षेत्र की ओवरबर्डन (ओबी) डंप भूमि पर वाणिज्यिक बांसारोपण परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।

बल्लारपुर क्षेत्र की धूपतला ओपनकास्ट खदान की समझौते पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल के प्रबंध निदेशक श्री ऋषिकेश रंजन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (कार्मिक) श्री बिक्रम घोष तथा निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं आयोजना) श्री एस. एस. परांजपे उपस्थित रहे।

सस्ती ओपन कास्ट खदान, बल्लारपुर क्षेत्र की ओवरबर्डन (ओबी) डंप भूमि पर वाणिज्यिक बांसारोपण परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे की उपस्थिति में वेकोलि के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद एवं महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल के प्रबंध निदेशक श्री कल्याण कुमार ने हस्ताक्षरित किया।

धूपतला परियोजना के अंतर्गत कुल 28.0 हेक्टेयर क्षेत्र में बांसारोपण किया जाएगा, जिसमें 26.0 हेक्टेयर क्षेत्र में वाणिज्यिक बांस तथा 2.0 हेक्टेयर क्षेत्र में जामुन एवं अर्जुन जैसी देशी प्रजातियों का रोपण किया जाएगा। इस परियोजना में कुल 31,108 पौधे लगाए जाएंगे। परियोजना के प्रारंभिक पाँच वर्षों में वेकोलि द्वारा लगभग ₹2.57 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जबकि महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल द्वारा पौधारोपण, रखरखाव, कटाई, विपणन एवं बांस की बिक्री का कार्य किया जाएगा। 15 वर्षों की अवधि वाली इस परियोजना से आठवें वर्ष तक निवेश की लागत की भरपाई (पे-बैक) होने का अनुमान है। राजस्व साझेदारी मॉडल के अंतर्गत शुद्ध लाभ का 85 प्रतिशत वेकोलि को तथा 15 प्रतिशत महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल को सुविधा शुल्क (फैसिलिटेशन चार्ज) के रूप में प्राप्त होगा।

साथ ही, सस्ती ओपन कास्ट खदान की 19.75 हेक्टेयर पुनर्वासित खनन भूमि पर लगभग 21,942 बांस पौधों का रोपण किया जाएगा। परियोजना के प्रारंभिक पांच वर्षों में वेकोलि द्वारा लगभग 1.33 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। वहीं महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल द्वारा बांस की खेती, पौधरोपण विकास, सिंचाई, रखरखाव, कटाई, विपणन तथा उत्पाद की बिक्री की संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई जाएगी। यह परियोजना 15 वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगी। इसके अंतर्गत एक पारदर्शी राजस्व-साझेदारी मॉडल अपनाया गया है, जिसके अनुसार परियोजना से प्राप्त शुद्ध लाभ का 85 प्रतिशत हिस्सा वेकोलि को प्राप्त होगा, जबकि 15 प्रतिशत राशि महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल को सुविधा शुल्क के रूप में दी जाएगी।

यह परियोजनायें आर्थिक लाभ के साथ-साथ महत्वपूर्ण पर्यावरणीय एवं सामाजिक लाभ भी प्रदान करेगी।



## वेकोलि की 7 खदानों को मिला 5-स्टार रेटिंग – कोयला उद्योग में सर्वाधिक



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा जारी स्टार रेटिंग मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश की सभी कोयला कंपनियों में सर्वाधिक 7 खदानों के लिए प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग अर्जित की है। यह उपलब्धि सुरक्षित, वैज्ञानिक, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत् खनन के क्षेत्र में वेकोलि की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति तथा सर्वोच्च मानकों के प्रति वेकोलि की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक है।

वेकोलि नागपुर क्षेत्र की पाटणसावंगी भूमिगत खदान, चंद्रपुर क्षेत्र की नांदगांव इंक्लाइन भूमिगत खदान, नागपुर क्षेत्र की सावनेर माइंस क्रमांक-1 भूमिगत खदान एवं सावनेर माइंस क्रमांक-2 भूमिगत खदान, उमरेड क्षेत्र की मकरधोकड़ा-1 ओपनकास्ट खदान तथा दिनेश/एमकेडी-III ओपनकास्ट खदान, और वणी क्षेत्र की मुंगोली ओपनकास्ट खदान को कोयला मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।

इसी मूल्यांकन में वेकोलि की 25 खदानों को 4-स्टार रेटिंग तथा 15 खदानों को 3-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सभी बधाई देते हुए वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कहा, "हमारी खदानों को देश में सर्वाधिक 5-स्टार रेटिंग प्राप्त होना वेकोलि के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह उपलब्धि हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों तथा सभी हितधारकों की सामूहिक निष्ठा, कठोर परिश्रम और पेशेवर उत्कृष्टता का प्रतिफल है। वेकोलि में सुरक्षित एवं उत्तरदायी खनन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा यह सम्मान सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और परिचालन उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के हमारे सतत प्रयासों की पुष्टि करता है। भविष्य में भी हम आधुनिक तकनीकों, नवाचारों तथा सतत् खनन पद्धतियों को अपनाते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा में अपना योगदान देते रहेंगे।"

कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग प्रणाली कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन करने हेतु विकसित एक व्यापक प्रणाली है। इसके अंतर्गत वैज्ञानिक एवं सुरक्षित खनन, पर्यावरण प्रबंधन, भूमि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, वैधानिक अनुपालन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा परिचालन दक्षता जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर खदानों का आकलन किया जाता है। यह रेटिंग प्रणाली उत्तरदायी खनन को प्रोत्साहित करने तथा कोयला क्षेत्र में सतत सुधार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मानक के रूप में कार्य करती है।

5-स्टार रेटिंग प्राप्त वेकोलि की सातों खदानों ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से सुरक्षित खनन संचालन, पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के कुशल प्रबंधन, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा कर्मचारियों के कल्याण के क्षेत्र में इन खदानों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह सफलता सुरक्षा, परिचालन उत्कृष्टता तथा पर्यावरणीय एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की दिशा में वेकोलि के सतत प्रयासों का प्रमाण है।

**Five-Star Mines: Recognized for Excellence**

| Underground (UG) — 04 Mines | | Open Cast (OC) — 03 Mines | |
|---|---|---|---|
| ★★★★★ | Patansaongi UG — Nagpur Area | ★★★★★ | Markadhokda-I OC — Umrer Area |
| ★★★★★ | Nandgaon Incline — Chandrapur Area | ★★★★★ | Mungoli OC — Wani Area |
| ★★★★★ | Saoner Mine No.1 — Nagpur Area | ★★★★★ | Dinesh/MKD-III OC — Umrer Area |
| ★★★★★ | Saoner Mine No. 2 — Nagpur Area | | |

## श्री बिक्रम घोष ने की कर्मचारी कल्याण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) के निदेशक (वित्त तथा मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष ने पाथाखेड़ा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक एवं कर्मचारी कल्याण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। दौरे की शुरुआत क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में नवस्थापित क्रेच के उद्घाटन के साथ हुई।

इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री घोष ने कहा कि यह सुविधा विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के लिए कार्य एवं पारिवारिक दायित्वों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने में सहायक होगी। साथ ही, उनके बच्चों को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं विकासोन्मुख वातावरण उपलब्ध कराएगी, जिससे उनके समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

इसके पश्चात श्री घोष ने क्षेत्रीय अस्पताल का निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान उन्होंने शोभापुर, सतपुड़ा-1 तथा सारनी की बंद भूमिगत खदानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अंतिम खदान बंदी (Final Mine Closure) कार्यों के अंतर्गत किए जा रहे वनीकरण, भूजल पुनर्भरण संरचनाओं तथा पर्यावरणीय पुनर्स्थापन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।



बाद में श्री घोष ने मानव संसाधन एवं वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में गत वित्तीय वर्ष के दौरान संचालित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) गतिविधियों तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित CSR परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख परिचालन संबंधी चुनौतियों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने तथा अधिक दक्ष एवं उत्पादक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पाथाखेड़ा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक (वित्त) के तकनीकी सचिव श्री सुरोजित सरकार, निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव श्री अजय कुमार सिन्हा सहित क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## WCL मुख्यालय में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) मुख्यालय में चिकित्सा विभाग द्वारा मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे ने मुख्य अतिथि के रूप में संपन्न हुवा।

इस अवसर पर श्रीमती रीना पांडे ने स्वैच्छिक रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान झंकार महिला मंडल की सदस्यों ने भी उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया।

शिविर के दौरान WCL के निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष ने भी शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं आयोजन से जुड़े अधिकारियों से संवाद कर उनके निस्वार्थ योगदान की सराहना की। रक्तदान शिविर में कुल 73 स्वैच्छिक रक्तदाताओं, जिनमें 12 महिला रक्तदाता भी शामिल थीं, ने रक्तदान किया।





वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।